चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड, सोना भी चमका

बिना जीएसटी 2,01,250 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. सर्राफा बाजार में गुरुवार को निवेशकों और कारोबारियों की नजरें उस वक्त ठहर गईं, जब चांदी ने इतिहास रचते हुए नया ऑल टाइम हाई बना लिया.

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, चांदी के भाव में जोरदार उछाल देखने को मिला और यह बिना जीएसटी 2,01,250 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई. जीएसटी जोड़ने के बाद इसकी कीमत 2,07,287 रुपये प्रति किलो हो गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है. सिर्फ चांदी ही नहीं, बल्कि सोने के भाव भी गर्माते नजर आए. 24 कैरेट सोना मामूली बढ़त के साथ 1,32,454 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. वैश्विक संकेतों, डॉलर में उतार-चढ़ाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग ने कीमती धातुओं की कीमतों को सहारा दिया है. खास बात यह है कि इस साल चांदी और सोना दोनों

ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है, जिससे बाजार में तेजी का माहौल बना हुआ है.

सर्राफा बाजारों में गुरुवार को चांदी ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए निवेशकों को चौंका दिया. आईबीजेए द्वारा जारी ताजा दरों के अनुसार, चांदी के भाव में एक ही दिन में 1,609 रुपये की तेजी दर्ज की गई और यह बिना जीएसटी 2,01,250 रुपये प्रति किलो पर खुली. जीएसटी सहित इसकी कीमत 2,07,287 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर माना जा रहा है.

इस साल अब तक चांदी की कीमतों में कुल 1,15,233 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है, जिससे यह निवेशकों के लिए सबसे आकर्षक एसेट बनकर उभरी है. वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती बनी हुई है. 24 कैरेट सोना 137 रुपये की तेजी के साथ 1,32,454 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. जीएसटी जोड़ने के बाद इसका भाव 1,36,427 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. बुधवार को सोना 1,32,317 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. कैरेट के हिसाब से देखें तो 23 कैरेट सोना 1,31,924 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 1,21,328 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोना 99,341 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है.

पांच दिन की गिरावट से उबरा रुपया, 56 पैसे मजबूत

मुंबई, 18 दिसंबर. अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच दिन की गिरावट से उबरता हुआ बुधवार को जबरदस्त उतार-चढ़ाव के बाद 55.75 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.38 रुपये का बोला गया. भारतीय मुद्रा इससे पहले पांच दिन में 106 पैसे टूटी थी. मंगलवार को यह 15.75 पैसे गिरकर 90.9375 अंक पर बंद हुई थी. रुपया आज 11.75 पैसे गिरकर 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुला हालांकि खुलते ही इसने वापसी की और 89.9675 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. हालांकि बाद में काफी हद तक नीचे आते हुए 90.38 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ.

एयरटेल पेमेंट्स बैंक में ईवी वॉलिट रिचार्ज शुरू

नयी दिल्ली, 18 दिसंबर. एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के साथ साझेदारी में एयरटेल थैंक्स ऐप पर भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) प्लेटफॉर्म के माध्यम से ईवी वॉलिट रिचार्ज की सुविधा शुरू की है.

अब तक इलेक्ट्रिक वाहन के मालिकों को चार्जिंग का भुगतान करने के लिए चार्जिंग प्वाईट ऑपरेटर द्वारा दिए गए वॉलिट का उपयोग करना पड़ता था. ईवी रिचार्ज श्रेणी के साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सीधे अपने ईवी वॉलेट को टॉप अप करने में सक्षम बनाता है, जिससे यह प्रक्रिया सहज और तेज हो जाती है. कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्राहकों को बस ऐप में लॉग इन करना है, बिल भुगतान के अंतर्गत ईवी रिचार्ज का चयन करना है, अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर और रिचार्ज राशि दर्ज करनी है. भारत कनेक्ट सक्षम ऐप के माध्यम से सुरक्षित रूप से पुष्टि करके भुगतान करना है. और रिचार्ज की राशि तुरंत उनके वॉलिट में दिखाई देगी. यह सुविधा सभी एयरटेल थैंक्स ऐप उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है.

एयरटेल पेमेंट्स बैंक के कार्यकारी निदेशक गणेश अनंतनारायणन ने कहा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हम अपने ग्राहकों का दैनिक अनुभव बेहतर बनाने के लिए लगातार डिजिटल-फर्स्ट सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं. हम ईवी वॉलिट रिचार्ज के माध्यम से देश में बढ़ते हुए ईवी परिवेश को सपोर्ट कर रहे हैं तथा यूजर्स को अपना वॉलिट तुरंत रिचार्ज करने का एक सरल तथा सुरक्षित तरीका प्रदान कर रहे हैं.

यह डिजिटल बैंकिंग में नवाचार की दिशा में एक और कदम है. एनपीसीआई भारत बिलपे की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नूपुर चतुर्वेदी ने कहा, हमें ईवी वॉलिट रिचार्ज के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी करने की खुशी है. इससे देश के बढ़ते ईवी परिवेश को समर्थन मिलेगा. हम मिलकर ग्रीन मोबिलिटी को आगे बढ़ाने के लिए भविष्य के लिए तैयार डिजिटल पेमेंट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं.

निसान बाजार में उतारेगी 7 सीटर ग्रेवाइट

ग्रेवाइट की पेशकश कंपनी की रफ्तार को दिखाती है. निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि नया ग्रेवाइट बदलते भारतीय बाजार पर निसान मोटर इंडिया के नये सिरे से फोकस का सबूत है. यह मॉडल देश के ताने-बाने में गहराई से जुड़ा हुआ है और इसे ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों के लिए एकदम सही साथी बनने के लिए डिजाइन किया गया है.

नयी दिल्ली, 18 दिसंबर. वाहन निर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया ने गुरुवार को अपने नये बहुउद्देशीय वाहन (एमपीवी) ग्रेवाइट के बारे जानकारी साझा की और बताया कि इसे अगले साल के आरंभ में बाजार में पेश किया जायेगा.

कंपनी ने बताया कि ग्रेवाइट सात-सीटर बी-एमपीवी है जो भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत पेश पहला मॉडल होगा. निसान ने जुलाई 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की थी. कंपनी की योजना 2026 की शुरुआत में ग्रेवाइट, मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरुआत में सात-सीटर सी-एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है. इससे भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग को विविध, मजबूत और रीवाइटलाइज करने की निसान की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है. कंपनी ने बताया कि ग्रेवाइट नाम ग्रेविटी (गुरुत्वाकर्षण) शब्द से प्रेरित है, जो संतुलन, स्थायित्व और शक्तिशाली आकर्षण का प्रतीक है. यह रोजाना के सफर के साथ-साथ फैमिली रोड ट्रिप के लिए भी सुगम है. ग्रेवाइट का विनिर्माण कंपनी के चेन्नई स्थित प्लांट में किया जायेगा. इसे सिग्नेचर सी के आकार का फ्रंट ग्रिल, बोल्ड शेप और स्लीक हॉरिजॉन्टल प्रपोर्शन के साथ पेश किया जायेगा. अफ्रीका, पश्चिम एशिया, भारत, यूरोप एवं ओसियानिया के लिए निसान की चेयरपर्सन मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा कि इस क्षेत्र में कंपनी के प्रदर्शन में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और निसान मोटर इंडिया कंपनी की रणनीति में अहम भूमिका निभा रही है.

पावरग्रिड और अफ्रीका 50 के बीच समझौता

- परियोजना के तहत 400 केवी लेसोस-लोसुक और 220 केवी
- 287 सब-स्टेशनों, 1.81 लाख सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन

गुरुग्राम, 18 दिसंबर. केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न सार्वजनिक उपक्रम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने अफ्रीका 50 के साथ केन्या में महत्वपूर्ण पारेषण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए

हैं. इस परियोजना के तहत 400 केवी लेसोस-लोसुक और 220 केवी किसुमू-काकामेगा-मुसागा ट्रांसमिशन सिस्टम का निर्माण किया जाएगा. परियोजना की रियायती अवधि 30 वर्ष निर्धारित की गई है. समझौता पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आरके. त्यागी की उपस्थिति में संपन्न हुआ. इस अवसर पर केन्या सरकार के ऊर्जा और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे. यह परियोजना अफ्रीका की पहली स्वतंत्र पारेषण परियोजना (आईटीपी) है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पावरग्रिड की पहली ऐसी परियोजना है, जो पूर्णतः प्रोजेक्ट फाइनेंस मॉडल पर आधारित है.

यह परियोजना केन्या के राष्ट्रीय ग्रिड को सशक्त बनाएगी, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्रमुख लोड केंद्रों तक बिजली पहुंचाने में सहायक होगी.

ओला इलेक्ट्रिक के शेयर फिर लुढ़के, निवेशक सतर्क

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार को शेयर बाजार में एक बार फिर ओला के शेयर दबाव में नजर आए और यह एनएसई पर करीब 4.29 फीसदी गिरकर 31.49 रु. प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया. इस ताजा गिरावट की बड़ी वजह कंपनी के प्रमोटर भाविश अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त हिस्सेदारी की बिक्री मानी जा रही है. बुधवार को भाविश अग्रवाल ने ओला इलेक्ट्रिक के करीब 4.2 करोड़ शेयर बेचकर लगभग 142 करोड़ जुटाए थे. इससे एक दिन पहले भी उन्होंने 2.6 करोड़ शेयरों की बिक्री की थी. लगातार हो रही इस प्रमोटर बिक्री ने बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है. खास बात यह है कि ओला का शेयर अब अपने आईपीओ प्राइस 76 रु से करीब 59 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा है, जो निवेशकों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में गुरुवार को भी कमजोरी देखने को मिली.

शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

मुंबई, 18 दिसंबर. घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ. बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया. सुबह गिरावट में खुलने का बाद सेंसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया. बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा.

मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गये. सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया. टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही.

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 0731-2573816, 70499 19126

सन्दर्भ संख्या: IND/RO/SANWARIYA/DEC/2025 दिनांक: 02.12.2025

सेवा में,
1. मेसर्स सांवरिया ट्रेडर्स (प्रो. श्री सिद्धार्थ सिंह राजपूत)
दुकान नं. बी-6, पांचाल मार्केट, पूजा इलेक्ट्रॉनिक्स के सामने, तेजाजी नगर, खंडवा रोड, इंदौर - 453331
2. श्री सिद्धार्थ सिंह राजपूत पिता श्री शैलेंद्र सिसोदिया, प्लॉट नं. 300, रामजी वाटिका- II, तेजाजी नगर, ग्राम मिर्जापुर, तहसील और जिला इंदौर - 452001
3. श्रीमती रेनू सिंह पति श्री शैलेंद्र सिसोदिया, प्लॉट नं. 300, रामजी वाटिका- II, तेजाजी नगर, ग्राम मिर्जापुर, तहसील और जिला इंदौर - 452001

प्रिय महोदय/महोदया,

विषय: मेसर्स सांवरिया ट्रेडर्स (प्रो. श्री सिद्धार्थ सिंह राजपूत) के खाते में बंधक संपत्ति से घरेलू सामान हटाने के संबंध में - बैंक द्वारा 14.11.2025 को लिया गया भौतिक कब्जा/पुनः कब्जा।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि बैंक ने प्लॉट नं. 300, रामजी वाटिका- II, तेजाजी नगर, ग्राम मिर्जापुर इंदौर (क्षेत्रफल 800 वर्गफीट) पर स्थित सुरक्षित संपत्ति का भौतिक कब्जा/पुनः कब्जा 14.11.2025 को ले लिया है। यह कार्रवाई सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत और माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) द्वारा पारित आदेश (MJCR 1871/2025 दिनांक 29.10.2025) के अनुसार की गई है।

उक्त संपत्ति को पहले ही 25.02.2025 को आयोजित ई-नीलामी के माध्यम से सफल बोलीदाता के पक्ष में बेचा जा चुका है, और इसे जल्द से जल्द खरीदार/नीलामी खरीदार को सौंपा जाना आवश्यक है।

उपरोक्त के आलोक में, आपको एतद्द्वारा सलाह दी जाती है कि इस पत्र की प्राप्ति के 5 दिनों के भीतर, बैंक को पूर्व सूचना देकर और बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में, उपरोक्त संपत्ति के भीतर रखे अपने सभी घरेलू सामान और व्यक्तिगत सामान को हटा लें।

कृपया ध्यान दें कि बैंक उपरोक्त अवधि के बाद परिसर में पड़े किसी भी सामान की सुरक्षा, क्षति या हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यदि आप निर्धारित समय के भीतर उक्त संपत्ति में रखे घरेलू सामान को हटाने में विफल रहते हैं, तो बैंक कानून के अनुसार और आपके जोखिम और लागत पर आगे की कार्रवाई करेगा।

आपसे अनुरोध है कि इस मामले को अत्यंत आवश्यक समझें।

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 19.12.2025 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED
पंजीकृत कार्यालय 27-ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032, तमिलनाडु HINDUJA HOUSING FINANCE

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ उक्त नियम के नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ताओं/गारंटर से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उधारकर्ता एवं गारंटर को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दी गई राशि का भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। उधारकर्ता एवं गारंटर का विवरण, देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी जाने वाली सुरक्षा राशि निम्नानुसार हैः

स. क्र.	उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि
1	LAN: MP/IDR/DHAR/A000000637 1. श्री अंतर सिंह परमार...ऋणकर्ता 2. श्रीमती प्रेमबाई परमार...सह-ऋणकर्ता	दिनांक 10-12-2025 और रू. 503620/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 5-12-2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः संपत्ति मध्य प्रदेश, भारत - 454001 स्थित आवासीय मकान, पीएच नं. 03 (दिशानिर्देश 188 के अनुसार), ग्राम आहू तहसील सरदारपुर, 800 वर्ग फुट, कुल क्षेत्रफलः 800 वर्ग फुट। सीमाएँः विक्रय विलेख के अनुसार। पूर्व में कृष्णा पाटीदार की भूमि, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में राधेश्याम का मकान, दक्षिण में कालू का मकान।	
2	LAN: MP/IDR/DHAR/A000000267 1. श्री छोटेलाल जी...उधारकर्ता 2. श्रीमती माया जी...सह-उधारकर्ता	दिनांक 10-12-2025 और रू. 583104/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः संपत्ति का पता हैः फोन नंबर 18, प्लॉट नंबर 90, एलएसएन 414, ग्राम थौले, तहसील महू, जिला धार। कुल क्षेत्रफल 230.58 वर्ग मीटर है। सीमाएँः विक्रय विलेख के अनुसार - पूर्व में कमल उमराव का घर, पश्चिम में खुला प्लॉट, उत्तर में खुली भूमि, दक्षिण में आम रास्ता।	
3	MP/IDR/DHAR/A000001156. 1. श्री कालूराम जाट...उधारकर्ता 2. श्रीमती कृष्णा बाई जाट...सह-उधारकर्ता	दिनांक 10-12-2025 और रू. 1174464/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः संपत्ति प्लॉट संख्या 226, पीएच नं. 62, एलएसएन 914, ग्राम बोडली, तहसील सरदारपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश 454111 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 1421 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैंः पूर्व में आम सड़क, पश्चिम में श्री बद्रीलाल पुत्र श्री मंगिलाल का घर, उत्तर में श्री घनश्याम वासुदेव का घर, दक्षिण में श्री मुन्नालाल पुत्र श्री भोलाराम का घर।	
4	MP/INE/IDCT/A000001600 1. श्री राहुल हंस...ऋणकर्ता 2. श्रीमती प्रिया हंस...सह-ऋणकर्ता	दिनांक 10-12-2025 और रू. 906070/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति प्लॉट संख्या 7, कॉलेज कॉलोनी, सर्वे संख्या 469/2, ग्राम खजराना, तहसील एवं जिला इंदौर-452001 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 350 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैंः पूर्व में प्लॉट संख्या 2, पश्चिम में सड़क, उत्तर में प्लॉट संख्या 6, दक्षिण में प्लॉट संख्या 8।	
5	MP/IDR/DHAR/A000000884. 1. श्री राहुल पाटीदार 2. श्री रमेश पाटीदार 3. श्रीमती मीरा बाई पाटीदार	दिनांक 07/12/2025 और रू. 1123591/- एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति आवासीय मकान संख्या 34 में स्थित है, जिसका पता खसरा संख्या 1429, 1430, 1431, 1436, 1437/1, 1438, 1439, 1440, 1441, 1442, 1444, 1451/1, 1451/2, पी.एच.एन 11, फुलेश्वरनगर कॉलोनी, ग्राम खारसोड कलां, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश 456313 है। कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैंः पूर्व में कॉलोनी का प्लॉट, पश्चिम में कॉलोनी रोड, उत्तर में प्लॉट संख्या 33, दक्षिण में प्लॉट संख्या 35।	
6	MP/IDR/INDR/A000001228. 1. श्री रामप्रसाद के सभी कानूनी उत्तराधिकारी चौधरी 2. श्रीमती सुगन बाई चौधरी	दिनांक 10-12-2025 और रू. 473264/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति पटवारी हल्का संख्या 65, मकान संख्या 54, वार्ड संख्या 02, ग्राम भानगढ़, तहसील एवं जिला देवास, मध्य प्रदेश, भारत - 455001 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैं। पूर्व में राम प्रसाद जी का घर, पश्चिम में सालग्राम जी का घर, उत्तर में सामान्य सड़क, दक्षिण में स्वयं की संपत्ति का शेष भाग।	
7	MP/INE/IDCT/A000001634. 1. श्री आदित्य संतोष 2. श्रीमती अंकिता आदित्य 3. श्रीमती माया बाई 4. श्री संतोष मांगीलाल	दिनांक 10-12-2025 और रू. 1219952/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति मकान संख्या 341, पी.एच. संख्या 16, ग्राम अलवासा, तहसील हातोद, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-453111 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 520 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैं। पूर्व में साझा सड़क, पश्चिम में प्रकाश सिंह का मकान, उत्तर में सुरेश का मकान और दक्षिण में लक्ष्मी नारायण का मकान स्थित है।	
8	MP/IDR/DHAR/A000000733 1. श्री सुनील जाट...ऋणकर्ता 2. श्रीमती गीता बाई...सह-ऋणकर्ता	दिनांक 07/12/2025 और रू. 1227598/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः संपत्ति मकान संख्या 234, सर्वे संख्या 914, फोन संख्या 62, ग्राम बोडाली, तहसील सरदारपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश 454111 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 152 वर्ग मीटर है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैं। पूर्व में श्रीमती मुन्नी बाई (पत्नी कैलाश) और श्री भंवरलाल (पुत्र कैलाश) का मकान प्लॉट संख्या 233 पर और सड़क प्लॉट संख्या 145 पर स्थित है। पश्चिम में सरकारी प्लॉट संख्या 145, उत्तर में प्लॉट संख्या 146 और दिलीप का मकान स्थित है। दक्षिण में सरकारी प्लॉट संख्या 235 है।	
9	MP/IDR/INDR/A000001305 & MP/IDR/INDR/A000001620. 1. विजेन्द्र जी दरवार 2. श्रीमती संगीतन राजपूत	दिनांक 10-12-2025 और रू. 10,90,297/- 07/12/2025 तक एनपीए तिथिः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति मकान संख्या 10, पीएचएन- 77, (सरल क्रमांक 1022), ग्राम पंचायत बरोठा, ग्राम बरोठा, तहसील और जिला देवास (मध्य प्रदेश) में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 250.92 वर्ग मीटर है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैं। पूर्व में श्री फूल सिंह का मकान, पश्चिम में श्री छत्तर सिंह का मकान, उत्तर में सरकारी नर्सरी और दक्षिण में सड़क है।	
10	LAN: MP/INE/IDCT/A000001387. 1. श्री योगेश तोमर 2. श्रीमती नीतू सिंह तोमर	दिनांक 10-12-2025 और रू. 1417608/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के खजराना गांव के वार्ड नंबर 30 में स्थित मकान नंबर 27, पुराना नंबर 21, सोलंकी नगर, बफानी धाम के पास, कुल क्षेत्रफल 1100 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैं। पूर्व में सड़क, पश्चिम में किसी अन्य का मकान, उत्तर में श्रीमती रानी बाई का मकान, दक्षिण में गुलाब सिंह जाट का मकान।	
11	LAN: MP/INE/IDCT/A000001810. 1. श्री राजेंद्र रतनलाल 2. श्रीमती संगीता राजेंद्र	दिनांक 10-12-2025 और रू. 349021/- 07/12/2025 तक एनपीए दिनांकः 05/12/2025
	संपत्ति का विस्तृत पताः यह संपत्ति मकान संख्या 341, पार्किंग नंबर 16, गांव अलवासा, तहसील हातोद, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश 453111 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है। सीमाएँ विक्रय विलेख के अनुसार हैंः पूर्व में मिथुन जी का घर, पश्चिम में सड़क, उत्तर में पुनराज जी का घर और दक्षिण में गिरधारी का घर।	

यदि उक्त उधारकर्ता/गारंटर एचएचआर को उपर्युक्त भुगतान करने में विफल रहता है, तो एचएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(14) और लागू नियमों के अनुसार उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसका पूर्ण जोखिम, लागत और परिणाम उधारकर्ता/गारंटर के ही होंगे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर पर संपर्क करें: राजेश चकोटिया 8435571111 (आरआरएम), श्री वैभव श्रीवास्तव (आरएलएम) 7987969803, सुश्री अंकिता पाटिल - 7723055195 (सीएलएम), श्री गोविंद चौहान 8839328309 (सीआरएम)। पताः क्षेत्रीय कार्यालय 101 8, प्रथम मंजिल, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस, एनआरके बिजनेस परी, विजयनगर, इंदौर (मध्य प्रदेश), पिन कोड 452010।

दिनांकः 19.12.2025 स्थानः मध्य प्रदेश — एसडी/- अधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए

IDBI BANK आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय, 16-सी, ओमनी पेलेस, रतलाम कोठी, मेन रोड, इन्दौर-452001, फोन: 0731-6679152, 99607 14961, 98260 81279
ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना
परिशिष्ट-IV-क (नियम 8(6) के परन्तुक देखें)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत चिल संपति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित संपति के ऋणीयों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं को विशेषत: सूचीत किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपति आईडीबीआई बैंक **(सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्ति का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को आईडीबीआई बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि वसूली करने हेतु **जहां है जैसा है, जो है जैसा है, जो कुछ भी है** के आधार पर **दिनांक 21.01.2026** को विक्रय किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि (ईएमडी) का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.	ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता का नाम	1) मांग सूचना दिनांक 2) कब्जा दिनांक 3) मांग सूचना अनुसार बकाया राशि	1) आरक्षित मूल्य 2) धरोहर राशि (EMD) 3) बिड वृद्धि राशि	अचल संपत्ति का विवरण (इन्दौर (म.प्र.) स्थित अचल संपत्ति का प्रत्येक भाग एवं समूह जो आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के पास बंधक है)
	क्षेत्रीय कार्यालय, 16-सी, ओमनी पेलेस, रतलाम कोठी, मेन रोड, इन्दौर-452001 EMD Submission A/c Details : IDBI BANK LIMITED No : 529134915010026, IFSC Code : IBKL0000529 DD Should be drawn in favour of IDBI Bank Ltd., A/c No.: 529134915010026 payable at Pipli Bazar Branch issued by any Nationalised Bank/ Scheduled Bank as (EMD)			
1.	श्री अमोल धकाटे (ऋणी एवं बंधककर्ता)	1) 02.05.2024 2) 12.06.2025 3) 28,03,139/- 02.10.2024 के अनुसार + उसके बाद लागू होने योग्य ब्याज खर्चें एवं चार्जेस	1) ₹ 27,00,000/- 2) ₹ 2,70,000/- 3) ₹ 10,000/-	संपत्ति के सभी प्रमुख अंग फ्लेट नं. 207, दूसरी मंजिल, सिल्वर टेरेस, प्लाट नं. वी-01, सिलिकॉन सिटी, ग्राम निहालपुर मंडी, राउ, इन्दौर (म.प्र.) 452012 पर स्थित अचल संपत्ति, **सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल: 1095 वर्गफीट (101.76 वर्गमीटर), चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. वी-02, **दक्षिण:** फ्लेट नं. 206, **पूर्व:** भवन का एमओएस, **पश्चिम:** खुल आसमान एवं सड़क

महत्वपूर्ण तिथियाँ

धरोहर राशि/ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि	: 19.01.2026 सायं 4 बजे तक
निरीक्षण की दिनांक एवं समय	: 12.01.2026 एवं 13.01.2026 समय प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक
बिड वृद्धि राशि	: रू. 10,000/- से
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय	: 21.01.2026 प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रत्येक 5 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ (यदि आवश्यक हो)

ब्रिकी की विस्तृत नियमों व शर्तो के लिए, कृपया https:/www.bankeauctionwizard.com एवं आईडीबीआई की वेबसाईट यानि https://www.idbi.bank.in पर दिये गए लिंक को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक पार्टियां प्राधिकृत अधिकारी, **क्षेत्रीय कार्यालय, 16-सी, ओमनी पेलेस, रतलाम कोठी, मेन रोड, इन्दौर-452001, फोन: 0731-6679152, 99607 14961, 98260 81279** से संपर्क कर सकती है।

सरफेसी अधिनियम 2022 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की सूचना

ऋणीयों/जमानतदारों को एतद्द्वारा ई-नीलामी की तिथि से पहले ब्याज सहित उपरोक्त वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि यदि कोई ब्याज सहित उनसे वसूल की जाएगी। ऊपर उल्लेखित नियमों और शर्तों के अनुसार ऋणियों/जमानतदारों संभावित खरीदार को ई-नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी ला सकते है।

स्थान: इंदौर, दिनांक: 19.12.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

SBFC एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एसबीएफसी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालयः- यूनिट नंबर 103, पहली मंजिल, सी एंड बी स्क्वायर, संगम कॉम्पलेक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059।
मांग नोटिस

जबकि नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं ने एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम यह बताते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकताओं/गिरवीदारों ने नियत तिथियों पर ब्याज और मूलधन के भुगतान में कई चूक की हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के आदेशानुसार, एसबीएफसी की पुस्तकों में इस खाते को नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों पर गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एन परफॉर्मिंग एसेट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("SARFAESI अधिनियम") के अंतर्गत, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित उधारकताओं/गिरवीदारों को संबंधित तिथियों पर मांग नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित उधारकताओं/गिरवीदारों को नोटिस में उल्लिखित राशि, संविदात्मक दर पर ब्याज सहित, नोटिस में उल्लिखित राशि और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि का भुगतान नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है। उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए नोटिस अप्राप्य वापस आ गए हैं, अतः उन्हें इस संबंध में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

ऋणकर्ता का नाम / पता	मांग की तिथि सूचना एवं एनपीए	ऋण और बकाया राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का उचित पता
1. मैसर्स. रिद्धि ट्रेडर्स, 2. नटवर माहेश्वरी, 2. ममता माहेश्वरी, 4.नीरज माहेश्वरी, मगरदा पोस्ट मगर्दा द जिला का पता है, हरदा टिमरनी मध्य प्रदेश, पिनकोड-461228। और यहां भीः मकान नं. 117, राम मंदिर के पास, सेंट्रल बैंक, मगरधा हरदा, म.प्र.-461228. और इसके अलावा, यहांः 1. मैसर्स रिद्धि ट्रेडर्स वर्तमान ब्लॉक संख्या 210 (बी) प्लॉट संख्या 218, कुल क्षेत्रफल 3509 वर्ग फुट या 326 वर्ग मीटर आवासीय आबादी के अनुसार भूमि खसरा), कुल क्षेत्रफल 2030 वर्ग फीट या 188.661 वर्ग मी. (पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार) आवासीय संपत्ति ग्राम-मगरधा, पी.एच.34, तहसील हरदा, जिला हरदा-461 331 में स्थित है।	सूचना दिनांकः 17 दिसंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 03-11-2025	ऋण खाता संख्या 0000274991-C (PR01174129) और 4021060000219480 (PR01205198) और SBFCLAP0000040558 (PR01527726) ऋण राशि 2400000/- (चौबीस लाख मात्र) जिसमें से 1053000/- सुविधा अनुबंध संख्या 0000274991-C (PR01174129) के लिए और 647000/- सुविधा अनुबंध संख्या 4021060000219480 (PR01205198) के लिए और रुपये 7,00,000/- (सात लाख मात्र) SBFCLAP0000040558 (PR01527726) कुल बकाया राशि राशिः 2258463/- (बाईस लाख अठावन हजार चार सौ तिरेसठ मात्र) दिनांक 16 दिसंबर 2025 तक, साथ ही 17 दिसंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज शामिल है।	वह संपत्ति जो वर्तमान में ब्लॉक संख्या 210 (बी) प्लॉट संख्या 218 पर स्थित है, कुल क्षेत्रफल 3509 वर्ग फुट या 326 वर्ग मीटर आवासीय (आबादी भूमि खसरा के अनुसार), कुल क्षेत्रफल 2030 वर्ग फुट या 188.661 वर्ग मीटर आवासीय (पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार)। यह संपत्ति ग्राम मगरधा, पी.एच. 34, तहसील हरदा, जिला हरदा-461 331 में स्थित है। उपरोक्त संपत्ति की सीमाः पूर्व की ओर सड़क, पश्चिम की ओर विक्रेता की संपत्ति, उत्तर की ओर नारायण दास की संपत्ति, दक्षिण की ओर सुरेश मीना का मकान
1. मेसर्स डैजल बैटरी 2. श्री संजीव पटेल 3. श्रीमती पिंकी पटेल, पताः 118, न्यू गोरी नगर, खातिपुरा, सुखलिया, इंदौर, मध्य प्रदेश -452010 और साथ ही, पताः 1a. मेसर्स डैजल बैटरी, पश्चिमी भाग न्यू गौरी नगर, सर्वे संख्या 470, ग्राम खातिपुरा तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश -452003	मांग सूचना दिनांकः 8 दिसंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 6 जुलाई 2022	ऋण खाता संख्या 4021060000044660 (PR00827567) ऋण राशि 1200000/- (बारह लाख मात्र) सुविधा अनुबंध संख्या 4021060000044660 (PR00827567) के तहत बकाया ऋण राशि 20,49,074/- रुपये (बीस लाख उन्नचास हजार चौहत्तर मात्र) दिनांक 6 दिसंबर 2025 तक, साथ ही 7 दिसंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज	न्यू गौरी नगर, सर्वे संख्या 470, ग्राम खातिपुरा, तहसील एवं जिला इंदौर, पश्चिमी भाग में स्थित भूमि का वह टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट है, मध्य प्रदेश-452003। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः उक्त भूखंड का शेष भाग, पश्चिमः केदार जी पटेल का मकान, उत्तरः सत्यनारायण मंडलोई का मकान, दक्षिणः सड़क।
1. राहुल कुमार, 2. जानकी राठौड़, पताः मकान/प्लॉट नं.286, पी.एच.नं.41, नया 27, माप 3600 वर्गफुट, ग्राम दुधाना, तहसील मोहन, बड़ोदिया, जिला. शाजापुर-465 226।	मांग सूचना दिनांकः 26 नवंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 03-नवंबर 2025	ऋण खाता संख्या 1000594064 (PR01628181), ऋण राशि 1400000/- (चौदह लाख मात्र) सुविधा समझौता संख्या 1000594064 (PR01628181), ऋण बकाया राशि 1412958/- (चौदह लाख बारह हजार नौ सौ अठ्ठावन मात्र) दिनांक 19 नवंबर 2025 तक, साथ ही दिनांक 20 नवंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज।	वह संपत्ति जो मकान/प्लॉट संख्या 286, मकान संख्या 41, न्यू 27, क्षेत्रफल 3600 वर्ग फुट, ग्राम दुधाना, तहसील मोहन, बड़ोदिया, जिला शाजापुर-465 226 में स्थित है। उपरोक्त संपत्ति की सीमाएँ:- पूर्व की ओर- बद्रीलाल का मकान, पश्चिम की ओर - सत्य नारायण का प्लॉट, उत्तर की ओर - सड़क, दक्षिण की ओर- रामचंद्र का प्लॉट
1. श्याम कलेक्शन, 2. अभय कुमार, 3. उसा बाई, 4. अशोक कुमार, पताः पोस्ट हरदा खुर्दा एएम पीआई बी की सामने तेह. हरदा म.प्र. 461331	मांग सूचना दिनांकः 26 नवंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 03-11-2025	ऋण खाता संख्या 4021060000318154-C (PR01353629), ऋण राशि 1500000/- (पंद्रह लाख मात्र) सुविधा के लिए समझौता संख्या 4021060000318154-C (PR01353629), ऋण बकाया राशि 1524460/- रुपये (पंद्रह लाख चौबीस हजार चार सौ साठ मात्र) दिनांक 19 नवंबर 2025 तक साथ ही 20 नवंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज।	संपत्ति स्थित हैः डायवर्टेड खसरा संख्या 36/16 खसरा क्षेत्रफल 278.701 ग्राम, पी.एच. संख्या 23, आर.एन.एम., हरदा, हंडिया रोड, तहसील हरदा, जिला हरदा (मध्य प्रदेश) 461331। सीमाएँ: पूर्वः अग्रवाल जी की संपत्ति पश्चिमः हरदा हंडिया रोड, उत्तरः अग्रवाल जी की संपत्ति दक्षिणः अशोक कुमार राठौर की संपत्ति
1. भरत शिव, 2. दला बाई, 3. शिव सिंह, 4. धापू बाई। पता हैः सर्वे नं. 30/2/3, ग्राम सुवरकोटा (संकोटा), तहसील-तराना, जिला. उज्जैन, मध्य प्रदेश-465001	मांग सूचना दिनांकः 26 नवंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 03-11-2025	ऋण खाता संख्या SBFCLAP0000093066 (PR01597865), ऋण राशि 1700000/- (सत्रह लाख मात्र) सुविधा अनुबंध संख्या SBFCLAP0000093066 (PR01597865) के लिए, बकाया ऋण राशि 1730173/- रुपये (सत्रह लाख तीस हजार एक सौ तिहत्तर मात्र) दिनांक 19 नवंबर तक, साथ ही 20 नवंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज।	प्लॉट/मकान क्रमांक 30/2/3 वाली संपत्ति, ग्राम सुवरकोटा, तहसील तराना, जिला उज्जैन, क्षेत्रफल 1290 वर्ग फुट, मध्य प्रदेश 465001। सीमाएँः पूर्वः दुले सिंह का मकान पश्चिमः स्वयं की भूमि, उत्तरः सड़क, दक्षिणः अंतर सिंह का मकान
1. इमरान शेख, 2. गुलनाज शेख पता हैः मकान संपत्ति एवं खसरा 34, वार्ड नंबर 27 में स्थित, (सरल) क्रमांक 612) आनंद नगर, देवास में, मध्य प्रदेश- 455001.	मांग सूचना दिनांकः 26 नवंबर 2025 एनपीए दिनांकः (एनपीए) 03-11-2025	ऋण खाता संख्या 1000435527 (PR01299800), ऋण राशि रु. 1690000/- (सोलह लाख नब्बे हजार मात्र) सुविधा अनुबंध संख्या 1000435527 (PR01299800), बकाया ऋण रु. 1705716/- (सत्रह लाख पांच हजार सात सौ सोलह मात्र) 19 नवंबर 2025 तक, साथ ही 20 नवंबर 2025 से अनुपलब्ध ब्याज।	मकान और खसरा संख्या 34 वाली संपत्ति, वार्ड संख्या 27 (सरल संख्या 612) में स्थित, कुल क्षेत्रफल 84.57 वर्ग मीटर, आनंद नगर, देवास, मध्य प्रदेश- 455001। सीमाएँ:- पूर्वः अन्य की भूमि पश्चिमः सड़क उत्तरः इमरान शेख की भूमि दक्षिणः गफ्फार हाजी का मकान

उपरोक्त परिस्थितियों में, उपरोक्त उधारकताओं और सह-उधारकताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान भविष्य के ब्याज और लागू शुल्कों सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर करें, अन्यथा इस सूचना की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति के बाद उधारकताओं और गिरवीदारों की गिरवी संपत्तियों पर कब्जा करने सहित, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) और उसके अंतर्गत लागू नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(13) के अंतर्गत, कोई भी उधारकर्ता, गिरवी ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना, नोटिस में उल्लिखित अपनी किसी भी गिरवी संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

दिनांकः 19 दिसंबर 2025, स्थानः इंदौर/हरदा/शाजापुर/उज्जैन/देवास/मध्य प्रदेश — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड